तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 22 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 17 अक्टूबर 2025

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

2 दोपहर दो बजे सिंगनपुर स्कूल में ताला लटका मिला



4 भारत पूर्ण रूप से आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर : टंकराम






## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय किसान मेला आज

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कृषि विभाग द्वारा राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन-तिलहन अंतर्गत जिला स्तरीय किसान मेला 17 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से नवीन कृषि उपज मंडी परिसर श्यामतराई में रखा गया है। इस अवसर पर जिले के कृषकों को तिलहन फसल के उत्पादन, प्रसंस्करण तथा मूल्य संवर्धन से संबंधित नवीन तकनीकों की जानकारी दी जाएगी। कृषि विशेषज्ञों एवं वैज्ञानिकों द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन दिया जाएगा।

### सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन 30 अक्टूबर तक

**धमतरी।** शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए सैनिक स्कूल अंबिकापुर में कक्षा 6वीं और 9वीं में प्रवेश हेतु अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित की जाएगी। सैनिक स्कूल अंबिकापुर में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की आधिकारिक वेबसाईट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डाट एनटीए डाट एसी डाट इन पर 30 अक्टूबर तक भरे जाएंगे।

### हसदा में राज्य स्तरीय डीजे डांस कल

**मगरलोड।** दीपावली पर्व पर ग्राम पंचायत हसदा नं 1 के नीम चौक में मां लक्ष्मी की मूर्ति स्थापना की जाएगी। इस अवसर पर 18 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ राज्यस्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। सुआ, कर्मा, ददरिया, राउत नाचा की प्रस्तुति होगी। प्रथम पुरस्कार 10001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 7001रूपये, तृतीय पुरस्कार 5001 रूपये दिए जायेंगे। प्रवेश शुल्क 301 रूपये है। आयोजन की तैयारी में नई मुस्कान युवा संगठन समिति के सदस्य एवं ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

### हंचलपुर में मातर मड़ई 23 को

**कोर्रा(भखारा)।** ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम हंचलपुर में 23 अक्टूबर गुरुवार को मातर मड़ई का आयोजन किया गया है। लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी अमलोर गरियाबंद की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी खिलेंद्र साहू, उपसरपंच शेखर साहू, पंच दिनेश सिन्हा ने दी है।

### तरसींवा में मातर मड़ई 23 को

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम तरसींवा में ग्रामवासियों के सहयोग से 23 अक्टूबर गुरुवार को मातर मड़ई का आयोजन किया गया है। लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी मोर चिरैया के फूल कुलिया कनेरी का कार्यक्रम होगा। यह जानकारी ग्रामीण अध्यक्ष सरोज यादव, महामंत्री परदेसी साहू ने दी है।

### भानपुरी में कबड्डी 24 को

**धमतरी।** ग्राम भानपुरी में राज्यस्तरीय रात्रि कालीन कबड्डी प्रतियोगिता 24 अक्टूबर शुक्रवार को रखी गई है। प्रथम पुरस्कार 15001रु., द्वितीय 10001 रु., तृतीय पुरस्कार 7001 रु. एवं प्रवेश शुल्क 501रु. रखा गया है। इसी प्रकार बेस्ट कैचर में होम थिएटर, बेस्ट रेडर के लिए एलईडी टीवी और ऑलराउंडर के लिए रेंजर साइकिल का पुरस्कार रखा गया है।

कंपोजिट बिल्डिंग में सुरक्षा के कोई उपाय नहीं


# खनिज विभाग की कस्टडी में खड़े हुए वाहनों के पार्ट्स हो गए गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कार्रवाई के बाद कम्पोजिट बिल्डिंग के सामने ट्रैक्टर, हाइवा, जेसीबी आदि को खड़ा कर दिया है। रात में चोर इन मशीनों के पार्ट्स की चोरी कर रहे हैं। किसी की बैटरी पार हो गई है तो किसी की टोचन राड। ये वाहनें खनिज विभाग की कस्टडी में हैं। खनिज विभाग के अधिकारी नाराज न हो इसलिए वाहन मालिक रिपोर्ट लिखाने से पीछे हट रहे हैं।

अवैध उत्खनन पर खनिज विभाग के तेवर काफी सख्त हैं। पिछले माह भर में खनिज विभाग ने ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। बड़ी संख्या में हाइवा, ट्रैक्टर जेसीबी सहित अन्य वाहनों को जब्त किया। अभी भी खनिज विभाग की कार्रवाई चल रही है। वाहनों को जब्त कर कम्पोजिट बिल्डिंग के सामने रखा गया है। ये सभी वाहन खनिज विभाग की कस्टडी में हैं।





### अवांछित तत्वों का बना अड्डा

कम्पोजिट बिल्डिंग में डेढ़ दर्जन से अधिक सरकारी विभाग संचालित हो रहे हैं। एक बैंक, पोस्ट ऑफिस, शिक्षा विभाग, क्रेडा, पशुपालन, लीड बैंक अधिकारी, मछलीपालन, समग्र शिक्षा, जिला रोजगार कार्यालय, उद्यानिकी, भू संरक्षण विभाग, नगर निवेश सहित कई दफ्तर संचालित हैं, लेकिन यहां सुरक्षा के किसी प्रकार के इंतजाम नहीं है। एक चौकीदार तक नियुक्त नहीं है। हालांकि यहां पर लाइटिंग की पर्याप्त व्यवस्था है। इसके बाद भी शाम ढलते ही यहां अवांछित तत्व सक्रिय हो जाते हैं।

### किसकी है जिम्मेदारी

अवैध परिवहन के मामले में इन गाड़ियों को पकड़ने के बाद खनिज विभाग ने प्रत्येक ट्रैक्टर पर 10 हजार रुपए से अधिक की फाइन लगाई है। ट्रैक्टर सहित अन्य वाहन खनिज विभाग की कस्टडी में हैं। इनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी भी खनिज विभाग की है, लेकिन इन वाहनों की सुरक्षा के लिए खनिज विभाग द्वारा कोई उपाय नहीं किया गया है। नाम नहीं छापने की शर्त पर ट्रैक्टर मालिकों ने बताया कि पहले ही खनिज विभाग द्वारा लगाई गई भारी भरकम फाइन से उनकी स्थिति खराब है। अब ट्रैक्टर के पार्ट्स लेने में उनकी स्थिति और डांवाडोल हो जाएगी। खनिज विभाग किसी भी सूरत में इस नुकसान की भरपाई नहीं करेगा।

### मामले की होगी जांच

वाहनों के पार्ट्स की चोरी होने की सूचना मिली है। इस मामले की जांच की जाएगी। जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जरूरत पड़ने पर पुलिस की मदद भी ली जा सकती है।

**- हीरादास भारद्वाज,**
*जिला खनिज अधिकारी*

विडंबना यह है कि इन वाहनों की सुरक्षा के लिए कोई उपाय नहीं किया गया है। हालांकि कम्पोजिट बिल्डिंग में स्टेट बैंक के सामने कैमरा लगा हुआ है, लेकिन यह कैमरा पूरी बिल्डिंग को कवर नहीं करता है। वहीं अधिकांश गाड़ियां तो ऐसी जगहों पर खड़ी हैं, जहां तक कैमरे की नजर नहीं जाती है। अब इसका फायदा चोर उठा रहे हैं। रात में लावारिस जैसी स्थिति में खड़ी इन गाड़ियों के पार्ट्स को वे गायब कर रहे हैं। सप्ताह भर पहले खड़ी की गई ट्रैक्टरों से टोचन राड, हाइड्रोलिक पट्टी, बैटरी सहित अन्य पार्ट्स गायब हो चुके हैं।

# एग्रीस्टेक में नहीं हो पा रहा पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए एग्रीस्टेक में पंजीयन नहीं हो पाने से ग्राम बलियारा का एक किसान व्यथित है। किसान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि दीपावली तक एग्रीस्टेक में उसकी जमीन का पंजीयन नहीं होने पर वह कलेक्टर आफिस के सामने सपरिवार धरना प्रदर्शन एवं आमरण अनशन करेगा।



■ बलियारा का किसान परिवार बैठेगा आमरण अनशन पर

ग्राम बलियारा निवासी सुदर्शन सिंह ठाकुर ने बताया कि वह विगत 24 वर्ष से भोथली सोसाइटी प.ह.नं. 17 में समर्थन मूल्य पर धान का विक्रय करता आ रहा है। इस साल शासन ने समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए एग्रीस्टेक में पंजीयन कराना अनिवार्य कर दिया है।एग्रीस्टेक में तकनीकी खराबी के कारण उसकी 23 एकड़ जमीन ही गायब है। इसके सुधार के लिए वह सोसाइटी, पटवारी, तहसीलदार, भू-अभिलेख कार्यालय तथा कलेक्टोरेट का कई बार चक्कर लगा चुका है। इसके बावजूद कोई सुधार नहीं हो पाया। एग्रीस्टेक में पंजीयन नहीं होने से 23 एकड़ का धान समर्थन मूल्य में नहीं बेच पाने की उसे चिंता सता रही है। इससे उनका पूरा परिवार व्यथित है। सुदर्शन ठाकुर का कहना है कि खेती किसानी से ही उनके परिवार का जीवनयापन होता है। समर्थन मूल्य पर धान नहीं बेच पाने से लाखों रूपये का नुकसान होगा। परिवार का गुजरबसर मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने कहा है कि दीपावली तक उसका एग्री स्टेक में पंजीयन नहीं हुआ तो उनका पूरा परिवार कलेक्टर ऑफिस के सामने धरना प्रदर्शन और भूख हड़ताल पर बैठेगा जिसकी समस्त जवाबदेही शासन- प्रशासन की होगी।

### जिले का वनग्राम बनेगा राजस्व गांव

**धमतरी।** जिले का राजस्व निरीक्षक मंडल कुकरेल, तहसील कुकरेल का ग्राम खैरभर्री वन से घोषित राजस्व ग्राम है। कार्य एजेंसी आईआईटी रूढ़की द्वारा अंतिम प्रकाशन के लिए ग्राम खैरभर्री के 2 नक्शा शीट उपलब्ध कराए गए हैं। इस गांव का तैयार राजस्व अभिलेखों का प्रारंभिक प्रकाशन जिला कलेक्टर कार्यालय द्वारा किया जा चुका है। सभी अभिलेख संबंधित ग्राम पंचायत में अवलोकन के लिए कार्यालयीन दिवसों में उपलब्ध है। कलेक्टर कार्यालय द्वारा इन अभिलेखों से संबंधित आमजनों से दावा-आपत्तियां आमंत्रित की जा रही हैं। हल्का पटवारी द्वारा तैयार किये गये नक्शा शीटों एवं खसरों पर जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो, तो प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर लिखित-मौखिक आवेदन कार्यालयीन समय में स्वयं या अभिभाषक के माध्यम से दावा-आपत्ति संबंधित ग्राम पंचायत में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद मिली दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

# मुनादी कर रहे चपरासी पर हथियार से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गांव में बिजली बंद रहने की मुनादी कर रहे समिति के चपरासी पर एक युवक ने हथियार से हमला कर घायल कर दिया है।

पुलिस के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम पोटियाडीह निवासी तेजपाल देवांगन पिता सीताराम 49 वर्ष ग्राम पंचायत पोटियाडीह एवं ग्राम विकास समिति में चपरासी का काम करता है। मंगलवार को गांव की सरपंच ने तेजपाल को फोन कर बताया कि उन्हें बिजली विभाग से सूचना मिली है कि 15 अक्टूबर को ग्राम पोटियाडीह में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक बिजली बंद रहेगी। सरपंच ने तेजपाल को उक्त सूचना की गांव में मुनादी करने कहा। तेजपाल अपनी मोपेड में माइक लगाकर गांव में घूम-घूमकर बिजली बंद होने की मुनादी कर रहा था। मुनादी करते तेजपाल रात्रि में गांव के नयापारा वार्ड पहुंचा। वह मीनाबाई

■ पोटियाडीह की घटना



यादव के घर के सामने खड़े होकर माइक से मुनादी कर रहा था। इसी दौरान गांव के डोमन हिरवानी बाइक चलाते बस्ती की तरफ से आया। अपनी बाइक रोककर कल क्यों बिजली बंद रहेगी, कहकर तेजपाल व गांववालों को गाली देने लगा। गाली गलौज सुन गांव वाले भी पहुंच गए। डोमन ने तेजपाल को गाली व जान से मारने की धमकी देते हुए अपने पास रखे धारदार हथियार से उस पर हमला कर दिया। वहां पर मौजूद लोगों ने बीच बचाव किया। इस घटना में तेजपाल की कमर के पास चोट लगी है। पीड़ित की शिकायत पर अर्जुनी पुलिस ने आरोपी डोमन हिरवानी के खिलाफ धारा 318-1, 296, 351-2 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# मिलावट पर कड़ी नजर रोज हो रही सेंपलिंग



खाद्य सुरक्षा विभाग त्योहारी सीजन में अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

त्योहारी सीजन में खाद्य प्रतिष्ठानों पर गुणवत्ता की जांच जारी है। गुरुवार को कुरूद एक हॉटल में खाद्य पदार्थों की सेंपलिंग की गई। इससे पहले बुधवार को नगरी रोड स्थित मुसाफिर ढाबा और अन्नपूर्णा ढाबा को सील कर दिया गया था। इन ढाबा के संचालकों ने फूड लाइसेंस के लिए आवेदन किया है।

दिवाली पर मिठाई, नमकीन सहित अन्य खाद्य पदार्थों की डिमांड कई गुना बढ़ जाती है। डिमांड के अनुसार खाद्य पदार्थों की आपूर्ति करने के लिए मिलावट भी जमकर होता है। फूड सेफ्टी विभाग द्वारा लगातार ऐसे मामलों पर नजर रखा जा रहा है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी लगातार होटल, ढाबा सहित अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों में सेंपलिंग, जांच कर रहे हैं। गुरुवार को भी कुरूद के खाद्य प्रतिष्ठानों में सेंपलिंग की गई। इससे पहले बुधवार को नगरी रोड स्थित अन्नपूर्णा ढाबा और मुसाफिर ढाबा में जांच की गई। इन ढाबा संचालकों ने फूड लाइसेंस प्रस्तुत नहीं किया, जिसके चलते ढाबा को सील कर दिया गया। जानकारी के अनुसार अन्नपूर्णा ढाबा के पास लाइसेंस तो था, पर यह लाइसेंस दो माह पहले एक्सपायर हो गया था। दोनों ढाबा के संचालकों ने लाइसेंस के लिए आवेदन किया है।

### कैमरा लगाना जरूरी

पिछले कुछ साल से धमतरी का माहौल काफी खराब हुआ है। स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने आउटर के ढाबा, होटल सहित अन्य संस्थाओं में सीसीटीवी कैमरा लगाना अनिवार्य कर दिया है, ताकि अवैध शराब बिक्री सहित आने जाने वालों की निगरानी की जा सके।

### अच्छा खाएं, सेहतमंद रहे : फनेश्वर पिथौरा

खाद्य सुरक्षा अधिकारी फनेश्वर पिथौरा ने लोगों से अपील की है कि वे गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थ ही खरीदें। उन्होंने बताया कि दूध से बनने वाली मिठाइयां जल्दी खराब हो जाती हैं। ऐसे में इन मिठाइयों को वहां से खरीदें, जहां पर इन मिठाइयों को फ्रीजर में रखा गया है। तड़क-भड़क रंग वाली मिठाइयों से दूर रहे। उन्होंने बताया कि कार्रवाई लगातार चलती रहेगी।

# हाईकोर्ट ने सुनी 17 की अग्रिम जमानत पर दलील

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शिक्षाकर्मी भर्ती फर्जीवाड़ा के 17 आरोपियों ने अग्रिम जमानत के लिए हाईकोर्ट बिलासपुर में आवेदन प्रस्तुत किया है। गुरुवार को इन आवेदनों पर सुनवाई हुई। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की दलील सुनी। इस मामले में आगामी 29 अक्टूबर को सुनवाई होगी।

धमतरी में यह मामला विशेष न्यायाधीश रामकुमार तिवारी के कोर्ट में चल रहा है। गिरफ्तारी से बचने के लिए कई आरोपियों ने उनके न्यायालय में अग्रिम जमानत के लिए अर्जी लगाई थी। न्यायाधीश श्री तिवारी ने एक के बाद एक सभी की जमानत अर्जी नामंजूर कर दी। विशेष न्यायालय से निराश होने के बाद कई लोगों ने बिलासपुर हाईकोर्ट में जमानत के लिए अर्जी लगाई है। गुरुवार को इसी मामले में 17 आरोपियों की अग्रिम जमानत अर्जी पर सुनवाई हुई। न्यायाधीश सचिन सिंह राजपूत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनी। इस मामले में प्रार्थी आरटीआई कार्यकर्ता कृष्ण कुमार साहू ने वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से आरोपियों की अग्रिम जमानत पर आपत्ति दर्ज कराई। इस मामले में न्यायालय ने अगली तिथि के लिए सुनवाई टाल दी है। अब दिवाली के बाद 29 अक्टूबर को इस मामले की अगली सुनवाई होगी।

### इनकी अर्जी पर सुनवाई

अग्रिम जमानत के लिए तत्कालीन ब्लाक शिक्षाधिकारी और छानबीन समिति के सचिव एनआर साहू, तत्कालीन महिला बाल विकास अधिकारी और छानबीन समिति के सदस्य शिवकुमार सोनी, प्रधानपाठक आसनी साहू, साधना साहू, विद्या साहू, ईश्वरी निर्मलकर, पूनम सोनवानी, उषा गायकवाड, उर्मिला साहू, निशा निषाद, मंजु खुटेर, हरिशंकर साहू, घनश्याम ध्रुव, हेमंत कुमार साहू और किशोर कुमार साहू ने अर्जी लगाई थी।

## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट आपरेशन कमांड की समन्वय बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

# मुखबिर को सशक्त कर खुफिया तंत्र को सक्रिय करने पर दिया बल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले में नक्सल उन्मूलन, सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ीकरण एवं संयुक्त अभियान की प्रभावशीलता बढ़ाने के उद्देश्य से यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट आपरेशन कमांड की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

एसपी कार्यालय के सभाकक्ष में गुरूवार को यूडीओसी की समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसपी सूरजसिंह परिहार ने की। बैठक में सीआरपीएफ कमांडेट, एएसपी नक्सल आपरेशन, डीआरजी, सीएएफ एवं पुलिस अधिकारी व नक्सल प्रभावित थानों के प्रभारी ने भाग लिया। बैठक में नक्सल प्रभावित




क्षेत्र की वर्तमान स्थिति का विश्लेषण किया गया। जंगल क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों, ग्रामीणों पर माओवादियों के दबाव एवं हाल की घटनाओं का विश्लेषण किया गया। इस दौरान सीआरपीएफ, छस बल, जिला पुलिस, डीआरजी एवं एसआईबी के बीच सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान, समन्वित आपरेशन और गश्त के लिए साझा प्रोटोकाल निर्धारित किए गए। केन्द्रीय एवं स्थानीय असूचना तंत्र के बीच त्वरित प्रक्रिया प्रणाली विकसित करने और स्थानीय मुखबिर को सशक्त कर खुफिया तंत्र को सक्रिय करने पर बल दिया गया। वहीं आमजन से संवाद और विश्वास व सहयोग बढ़ाने पर बल दिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि यूडीओसी की बैठक प्रतिमाह होगी, जिसमें सभी आपरेशनल गतिविधियों की समीक्षा एवं आगामी रणनीति तय की जाएगी।

बैठक में विशेष रूप से आरके बहाली कमांडेट 21वीं वाहिनी सीआरपीएफ थनौद, प्रभारी बिरनासिल्ली कैम्प, मेचका प्रभारी, छस बल कैम्प सिहावा, बहीगांव, खल्लारी, डीआरजी प्रभाव व एएसपी शैलेन्द्र पाण्डेय, विपिन रंगारी, रक्षित निरीक्षक दीपक शर्मा व नगरी, सिहावा, बोराई, मेचका, दुगली, मगरलोड, खल्लारी थाना प्रभारी, एसआईबी, नक्सल सेल उपस्थित रहे।

### सुरक्षा एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल आवश्यक : एसपी

एसपी सूरजसिंह परिहार ने कहा कि नक्सल समस्या का समाधान केवल बल प्रयोग से नहीं बल्कि साझा रणनीति, सटीक सूचना और जनभागीदारी से संभव है। सुरक्षा एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल सफलता की कुंजी है। सीआरपीएफ कमांडेट आरके बहाली ने कहा कि प्रत्येक सुरक्षा बल को अपने कार्य क्षेत्र में पूर्ण पारदर्शिता एवं तत्परता के साथ काम करना चाहिए।




## खबर संक्षेप





### बस्तर आर्ट परिसर में चला सफाई अभियान

**धमतरी।** नगर निगम द्वारा रायपुर रोड स्थित बिजली ऑफिस के पास बस्तर आर्ट परिसर में सफाई अभियान चलाया गया। निगम के सफाई कर्मचारियों की टीम ने क्षेत्र में फैली गंदगी, कचरा और झाड़ियों की सफाई कर परिसर को स्वच्छ बनाया। निगम के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बस्तर आर्ट परिसर के आस-पास सफाई की मांग की जा रही थी, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए यह अभियान चलाया गया। सफाई अभियान के दौरान निगम कर्मचारियों ने लोगों से अपील की कि वे अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें, खुले में कचरा न फेंके और निगम द्वारा निर्धारित कचरा वाहनों का उपयोग करें। नागरिकों ने निगम के इस प्रयास की सराहना की और स्वच्छ धमतरी अभियान में सहयोग देने का संकल्प लिया।

### फरसियां मंडल ने मनाया विजयादशमी उत्सव

**नगरी।** आरएसएस के शताब्दी वर्ष को नगरी खंड के फरसियां मंडल में बुधवार को विजयादशमी उत्सव के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रयागचंद बिसेन थे। अध्यक्षता केशव टेकाम ने की। विशेष अतिथि गरियाबंद नगर संघचालक सत्यप्रकाश मानिकपुरी, एकल विद्यालय अंचल नयापारा की अध्यक्ष दिनेश्वरी साहू, उपाध्यक्ष केशर निर्मलकर थे। कार्यक्रम में खंड कार्यवाह मोतीलाल दिवाकर, संपर्क प्रमुख महेन्द्र नेताम, दिनेश्वरी नेताम सहप्रभारी, शिवदयाल साहू वरिष्ठ नागरिक, जवाहर मरकाम महामाया समिति, दीनदयाल सेन बूथ प्रभारी अमाली, कृष्णकुमार साहू एवं एकल विद्यालय के 40 नवीन प्रशिक्षु उपस्थित थे।

### निधन

#### सुनील घृतलहरे

**अंवरी।** ग्राम सिलतरा निवासी सुनील घृतलहरे का आकस्मिक निधन 15 अक्टूबर बुधवार को हो गया। स्व. सुनील सरल स्वभाव के थे। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गये। वे अर्जुन के पुत्र एवं निशा के पति थे। उनका अंत्येष्टि कार्यक्रम गृहग्राम के शांतिघाट में हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में परिवारजन, समाजजन एवं ग्रामीणजन उपस्थित हुए।



## शिक्षकों की लापरवाही से बच्चों का भविष्य खतरे में, ग्रामीणों में आक्रोश

# दोपहर दो बजे सिंगनपुर स्कूल में ताला लटका मिला

- बीईओ ने कहा-जांच के बाद दोषी शिक्षकों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

प्राथमिक शाला सिंगनपुर में शिक्षकों की लापरवाही से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। विद्यालय में कुल 21 छात्र-छात्राओं के लिए दो शिक्षक पदस्थ हैं। स्कूल में दोपहर 2 बजे ताला लटक रहा था। प्रतिनिधि द्वारा पूछने पर ग्रामीणों ने बताया कि अधिकांश दिनों में समय पर शिक्षक स्कूल नहीं पहुंचते।



ग्रामीणों ने बताया कि बच्चे प्रतिदिन स्कूल आते हैं, लेकिन शिक्षकों की अनुपस्थिति में रसोइया बच्चों को केवल मध्याह्न भोजन कराकर घर भेज देती है। यह स्थिति लंबे समय से बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में पहले भी विकासखंड मुख्यालय में शिकायत की थी, परंतु अब तक स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है।

ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षकों की यह लापरवाही बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने शासन-प्रशासन व शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से ऐसे शिक्षकों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई कर अन्य स्कूलों में स्थानांतरण की मांग की है। जब इस संबंध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी कविराम साहू से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि जांच के बाद दोषी शिक्षकों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी और आवश्यक होने पर वेतन भी काटा जाएगा। वहीं एक शिक्षक ने अपनी सफाई में कहा कि वह पीएफएमएस के कार्य से बाहर गया था।

# पचपेड़ी में होगी वेदर स्टेशन की स्थापना, हुआ भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

ग्राम पंचायत पचपेड़ी में 15 अक्टूबर बुधवार को वेदर स्टेशन की स्थापना के लिए भूमिपूजन कार्यक्रम रखा गया। वेदर स्टेशन की स्थापना होने से किसानों को मौसम, मिट्टी की आद्रता, हवा का रुख, वर्षा का पूर्व अनुमान, तापमान आदि की जानकारी मिलेगी। आर्टिफिशल इंटलिजेंस, एग्रीपायलेट एआई के तहत वेदर स्टेशन की स्थापना की जायेगी।

इस अवसर पर सरपंच विनय साहू, उपसपंच राकेश पटेल ,पंच गिरिजाशंकर साहू ,भूपेंद्र साहू, टीकम साहू, संतोषी निषाद, ईश्वर साहू, धनराज यादव, वशिष्ठ साहू, टीकम साहू, लोमस साहू ,खेमलाल साहू , श्रीमती कुमारीबाई , उमा साहू, रवि किरण साहू ,योगिता यादव , योगेश्वरी साहू, हेमलता साहू, ग्रामीण विस्तार अधिकारी केशद्र सोन, कल्याण सिंह ध्रुव, आदित्य मेश्राम, राखी प्रथम अरोरा कुरूद के निदेशक, एग्रीपायलेट एआई के विशेषज्ञ, प्रोजेक्ट वालंटियर, पंचायत सचिव गैंदलाल साहू, ऑपरेटर सरिता साहू, चपरासी राजेश यादव व राजकुमार साहू, जगदीश साहू, पुनाराम साहू , गंगाराम साहू, मोहिनी साहू, मोहन, हीरा साहू उपस्थित थे।

# कार्रवाई नहीं होने से असामाजिक तत्वों के हौसले हो रहे बुलंद

- मगरलोड क्षेत्र में लचर कानून व्यवस्था का उठा रहे फायदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

ब्लॉक मुख्यालय सहित मगरलोड क्षेत्र में पुलिस की लचर कानून व्यवस्था चल रही है। गांव में असामाजिक एवं आपराधिक तत्वों में पुलिस का भय समाप्त हो गया है। पुलिस प्रशासन असामाजिक एवं आपराधिक तत्वों को कंट्रोल करने में नाकाम हो रहा है। मुख्यालय सहित क्षेत्र के दर्जनों गांव में गांजा, शराब की अवैध बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। अवैधानिक कार्यों पर पुलिस कार्रवाई मात्र की औपचारिकता हो रही है।

ब्लॉक मुख्यालय सहित ग्राम लुगे में दशहरा पर्व पर दो पक्षों में जमकर मारपीट, आत्महत्या, हाफ मर्डर जैसी संवेदनशील घटना पर शांति व्यवस्था बनाने जिले के सैकड़ों पुलिस तैनात की गई थी। मेघा, अरौद, लुगे, मगरलोड, भैंसमुंडी, खैरझिठी, भोथीडीह, रांकाडीह, नवागांव, बेलरदोना सहित दर्जनों गांव में हमेशा दो पक्षों में विवाद होना सामान्य घटना हो गई है। पुलिस की पेट्रोलिंग सिर्फ औपचारिकता हो रही है। ब्लॉक मुख्यालय में 12 अक्टूबर की रात्रि 7:30 बजे नाबालिग बाइक चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते राह चलते एक व्यक्ति को ठोकर



मार दी जिससे उस व्यक्ति की मौत हो गई। क्षेत्र में हो रही घटना, दुर्घटना की मुख्य वजह गांव-गांव में अवैध गांजा शराब एवं नशीली टैबलेट की बिक्री है। छोटे-छोटे बच्चे भी नशे की गिरफ्त में आ चुकी है। गांजा, शराब, नशीली टैबलेट गांव-गांव में आसानी से मिल जाती है जिससे मगरलोड क्षेत्र अशांत हो गया है। लंबे समय से पुलिस थाने में जमे कर्मचारी का अपराधियों के साथ मित्रवर संबंध होने की वजह से अपराध का ग्राफ बढ़ता जा रहा है।

### आपराधिक तत्व के व्यक्ति पुलिस के शुभचिंतक

पुलिस थाना मगरलोड में आपराधिक तत्व के व्यक्ति का सुबह से देर रात्रि तक आना-जाना घूमना फिरना होता है। उसे पुलिस स्टाफ की पनाह मिली हुई है। उक्त व्यक्ति नशे की हालत में भी थाने में घूमता रहता है। थाने में आने जाने वालों के साथ दुर्व्यवहार कर अपने आपको पुलिस परिवार का शुभचिंतक मानते हैं। इससे आम जनता में गलत संदेश जा रहा है।

# तहसील साहू संघ मगरलोड के रोहित अध्यक्ष बने

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

- उपाध्यक्ष छन्नू, भानुप्रिया चुने गए

15 अक्टूबर को तहसील साहू संघ मगरलोड का मधुबन धाम में चुनाव हुआ। मतदान के एक दिन पूर्व 14 अक्टूबर को प्रत्याशियों का नामांकन कराया गया। ज्ञात हो कि तहसील साहू संघ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष महिला पुरुष, संगठन सचिव महिला पुरुष कुल 5 पदों का चुनाव हुआ। अध्यक्ष पद के लिए कार्तिकराम साहू भेंडरी, रोहित साहू हसदा, उपाध्यक्ष पुरुष छन्नू साहू करेली छोटी, गयाराम साहू पहंदा, महिला उपाध्यक्ष भानुप्रिया साहू भरदा, खिलेश्वरी साहू बेलोरा, संगठन सचिव पुरुष पदुमलाल साहू करेली बड़ी, जितेंद्र साहू खिसोरा, महिला संगठन सचिव भामिनी साहू पठार, दीपा नन्द साहू भेंडरी प्रत्याशी रहे। शाम 6 बजे परिणाम घोषित किया गया। अध्यक्ष पद के उम्मीदवार रोहित साहू 57 वोट से विजय रहे। उपाध्यक्ष छन्नू साहू 120 से, महिला उपाध्यक्ष भानुप्रिया 85 वोट से विजयी रहे। संगठन सचिव जितेंद्र साहू 91 वोट से तथा भामिनी साहू 3 वोट से विजयी घोषित किए गए।



# युकां कार्यकर्ताओं ने की प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

बिजली चोर गद्दी छोड़ जन आंदोलन कार्यक्रम के दौरान भारतीय राष्ट्रीय युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष उदयभानु चिब से सिहावा विस के युकां कार्यकर्ताओं ने मुलाकात की।

इस अवसर पर संगठनात्मक गतिविधियों तथा आगामी जन आंदोलन कार्यक्रम को लेकर चर्चा हुई। अध्यक्ष श्री चिब ने युवाओं से संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया। इस दौरान प्रमुख रूप से प्रमोद कुंजाम जिला उपाध्यक्ष, प्रेमांशु प्रजापति महासचिव, सचिव सहज़ाद मेमन, ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक बंजारे, आकाश नेताम, नटवर नेताम, अमृत नाग, नील कोडोपी, मुकेश कुंजाम, गजेंद्र नेताम, पिंटू सहित अन्य युवा कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# तिमाही परीक्षा में प्रथम आने वाले विद्यार्थी हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बगदेही(धमतरी)

शिक्षण सत्र 2025-26 में आयोजित तिमाही परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को स्कूल बैग दिया गया एवं अन्य उत्तीर्ण बच्चों को पेन देकर सम्मानित किया गया। कक्षा केजी 1 में अंकिता 96.5 प्रतिशत, कक्षा केजी 2 में अन्वी साहू 99.4 प्रतिशत, सिमरन साहू 100, उर्वी साहू 100 प्रतिशत, पहली में गीतेश्वरी साहू 98.8 प्रतिशत, दूसरी में जावेद कुर्रे 83.5 प्रतिशत, तीसरी में युवराज साहू 89.2 प्रतिशत, चौथी में ईशिका साहू 75.6 प्रतिशत , पांचवीं में हर्षिता साहू 87 प्रतिशत, छठवीं कुमकुम यदु 78 प्रतिशत, सातवी में मिताली बंजारे 91 प्रतिशत, आठवीं में अभय 90 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। संस्था प्रधान एमके साहू ने और अधिक मेहनत कर सफलता प्राप्त करने आशीर्वाद प्रदान किया।



# जागरुकता ही एड्स के बचाव का सबसे बड़ा उपाय

- पचपेड़ी स्कूल में एड्स पर हुआ सेमिनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)

पचपेड़ी स्कूल में एड्स के प्रति जागरूकता के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया। व्याख्याता प्रदीप मानिकपुरी के मार्गदर्शन में कक्षा 12वीं के विज्ञान संकाय के स्वयंसेवकों ने एड्स पर ज्ञानवर्धक जानकारी प्रदान की।

विद्यार्थी मेनिका ने बताया कि एड्स का वायरस सर्वप्रथम चिंपाजियों में देखा गया। लक्ष्मी ने भी अपने विचार रखे। एड्स के लक्षणों के बारे में टिकेंद्र एवं ईश्वर ने बताते हुए कहा कि एड्स पीड़ित व्यक्ति का वजन लगातार घटने लगता है। उनको लगातार बुखार आने की शिकायत बनी रहती है। एड्स के संरचण के बारे में बताते हुए सानिया एवं पायल ने कहा कि मानव के शारीरिक द्रव के संपर्क में आने से व्यक्ति एड्स के वायरस से संक्रमित होता है। असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित रक्त के प्रयोग एवं संक्रमित सुई के इस्तेमाल से व्यक्ति एड्स से पीड़ित हो सकते हैं। देवाशीष एवं टोपेंद्र ने कहा कि एड्स असाध्य रोग है जिसका अभी कोई इलाज संभव नहीं है। खिलेश्वर एवं भूपेंद्र ने बताया कि सतर्कता और सावधानी से ही एड्स जैसे लाइलाज बीमारी से हम बच सकते हैं। प्राचार्य रवींद्र कोसेरे ने स्वयंसेवकों को लोगों में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता लाने प्रेरित किया। आभार प्रदर्शन कार्यक्रम अधिकारी मिथलेश कुमार सिन्हा ने



## ब्लॉक मुख्यालय मगरलोड में आरएसएस के स्वयंसेवकों ने पथ संचलन के साथ विजयादशमी उत्सव मनाया

# देश का सनातन धर्म, संस्कृति, संगठन ही सर्वोपरि : गोवर्धनशरण व्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मगरलोड मंडल ने आरएसएस के 100वें स्थापना दिवस पर विजयादशमी उत्सव एवं पथ संचलन का आयोजन किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवकों ने सरस्वती शिशु मंदिर से बाजार चौक भैंसमुंडी, शिव चौक पाटिला पारा, काली मंदिर, देव तालाब, जनता वस्त्रालय, पुराना बस स्टैंड चौक, घासीदास चौक, गांधी चौक, बजरंग चौक, मथुरा नगर, नया बस स्टैंड तक पथ संचलन किया। पथ संचलन के दौरान नागरिकों ने स्वयंसेवकों के ऊपर फूल बरसाए। मंचीय कार्यक्रम रामलीला मैदान में हुआ। अतिथियों ने भारत माता, शस्त्र पूजन पूजन किया। स्वयंसेवकों ने दंड चरण और योगासन का प्रदर्शन किया।





कार्यक्रम के अतिथि संत गोवर्धनशरण व्यास पीठाधीश्वर सिरकट्टी आश्रम कुटेना पाण्डुका थे। अध्यक्षता पवन निषाद राजपुर ने की। मुख्य वक्ता चन्द्रशेखर वर्मा क्षेत्रीय अधिकारी विश्व हिंदू परिषद मध्यप्रदेश, छग थे। मुख्य अतिथि संत गोवर्धन शरण व्यास ने सनातन धर्म, संस्कृति, संगठन पर एकजुटता पर जोर दिया। आगे कहा कि आरएसएस की देश के प्रति समर्पण की भावना दिखती है। संघ के विचारों से लोग भली भांति जानते हैं व समझते है। इसमें अनुशासन अलग ही झलकता है। समाज में संघ का बड़ा योगदान है। संघ द्वारा ही समाज के लोगों को सही दिशा एवं मार्ग मिलता है। समाज के लोगों को नशे से दूर रहना चाहिए। नशामुक्त समाज बनाना होगा तभी युवा आगे बढ़ पाएंगे। सनातन संस्कृति की सुरक्षा और सम्मान के लिए चिंतन करना है। इसके लिए सभी लोगों को मिलकर रहना होगा। पवन निषाद ने कहा कि संघ का उद्देश्य समाज, देश, व्यक्ति व परिवार निर्माण है। स्वयंसेवक संघ से जुड़ने से लोगों के व्यक्तित्व, विचार, व्यवहारिक जीवन बदल जाता है। स्वयंसेवकों ने भूकंप, बाढ़, आपदा, कोरोनाकाल जैसी महामारी में अपनी सेवा दी है। संघ हमेशा समाज की सेवा के लिए तत्पर रहता है। मुख्य वक्ता चन्द्रशेखर वर्मा ने आरएसएस के निर्माण, विचारों तथा अनेक बिन्दुओं पर अपनी बात रखी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवक, गणमान्य नागरिक तथा विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## अंचल की खबरें

### बेलरदोना में रही लोककला महोत्सव की धूम



**धमतरी।** सिरजन लोक कला एवं साहित्य संस्था व ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम पंचायत बेलरदोना में लोककला महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें धमतरी व गरियाबंद जिले के 20 लोक कलादलों ने पंथी, पंडवानी, सुआ, भरथरी, नाचा, रामधुनी, भजन और लोकगीतों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। मुख्य अतिथि विधायक अंबिका मरकाम ने आयोजन की सराहना करते हुए पानी टंकी व सीसी रोड की घोषणा की। दूसरे सत्र के अतिथि जिला पंचायत सभापति टीकाराम कंवर व शिवांगी चतुर्वेदी थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नूतनलाल साहू व गौकरण मानिकपुरी ने किया। इस अवसर पर डॉ. दीनदयाल साहू, डॉ. ईश्वर तारक, ललिता यादव, गंगा बाई मानिकपुरी सहित कई गणमान्य नागरिक व साहित्यकार उपस्थित थे।

### सुखराम नागे कालेज में प्लेसमेंट रिक्रूमेंट



**नगरी।** 21वीं सदी में शिक्षा के साथ- साथ रोजगार का विशेष महत्व है। विद्यार्थियों के लिए इसी रोजगार के सपने को साकार करने के लिए शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अश्वनी ध्रुव के मार्गदर्शन व प्लेसमेंट प्रभारी प्रो. कौशल नायक के संयोजन में प्लेसमेंट रिक्रूमेंट का आयोजन स्वतंत्र माइक्रोफाईनेंस के सहयोग से किया गया। लगभग 100 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराकर अपना इन्टरव्यू दिया। प्लेसमेंट कैंप में फील्ड अधिकारी व क्षेत्र अधिकारी के 50-50 पद स्वीकृत है। इस पद हेतु विद्यार्थियों को विशेष वाहन भत्ता व ग्रह भत्ता देना भी प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम में प्रो. हितेशानंद ठाकुर, डॉ. दीपा देवागंन व प्रो. लालमन बेरवंश, आमोद चौरे, उर्वशी साहू, विजय नेताम, खेमराज ठाकुर, रवि कोसरे उपस्थित थे।

### सहाड़ा देव स्थल को संवारने सामाजिकजन जुटे



**धमतरी।** दीपावली पर्व धूमधाम से मनाने सोरिद वार्ड धमतरी के यादव समाज की तैयारी शुरू हो गई है। कार्यक्रम स्थल सहाड़ा देव स्थल को संवारने सामाजिकजन श्रमदान कर रहे है। सोमवार 20 अक्टूबर को लक्ष्मीपूजा से दीपावली उत्सव प्रारंभ हो जाएगा। 21 अक्टूबर को गोवर्धन पूजा और 22 अक्टूबर को भाईदूज मातर उत्सव मनाया जाएगा। प्रतिवर्ष सोरिद वार्ड का मातर उत्सव आकर्षक रहता है, जिसे देखने आसपास के नागरिक भी पहुंचते हैं। गड़वा बाजा के साथ भगवान श्रीकृष्ण की शोभायात्रा, राउत नाचा, स्कूली बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम सबको लुभाता है। पर्व को बेहतर ढंग से मनाने यादव समाज के सदस्य जुटे हैं। शीतला मंदिर के सामने सहाड़ा देव स्थल को संवारने सामाजिकजन जुटे हैं।

### दिवाली से पहले सदर बाजार के गड्ढों की मरम्मत



**धमतरी।** नगर निगम की ओर से शहर की सड़कों को दिवाली से पहले दुरुस्त करने का अभियान जोर-शोर से जारी है। सदर बाजार रोड पर चल रहे गड्ढा मरम्मत कार्य का नगर निगम के सभापति विजय मोटवानी ने स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभापति मोटवानी ने मौके पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो और मरम्मत का कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ जल्द से जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि दिवाली के अवसर पर सदर बाजार जैसे व्यस्ततम इलाकों में आवाजाही बढ़ जाती है, इसलिए प्राथमिकता के आधार पर यहां का कार्य करवाया जा रहा है ताकि व्यापारियों और आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। सभापति ने यह भी बताया कि निगम क्षेत्र के सभी 40 वार्डों में गड्ढे भरने और सड़कों की मरम्मत का कार्य क्रमवार रूप से किया जा रहा है। हमारा लक्ष्य है कि त्योहार से पहले शहर की हर प्रमुख सड़क सुगम और साफ दिखे। नागरिकों की सुविधा हमारी पहली प्राथमिकता है।




## सामुदायिक भवन में हुआ आत्मनिर्भर भारत संकल्प का विधानसभा स्तरीय सम्मेलन

# भारत पूर्ण रूप से आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर : टंकराम

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

आत्मनिर्भर भारत संकल्प 2025 का विधानसभा स्तरीय सम्मेलन विंध्यवासिनी मंदिर के पीछे सामुदायिक भवन में हुआ। मुख्य वक्ता जिले के प्रभारी मंत्री टकरम वर्मा ने कहा कि भारत पूर्ण रूप से आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो रहा है और इसमें भारतवासियों की सहभागिता आवश्यक है। भाजपा लगातार इस क्षेत्र में काम कर रही है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार में आत्मनिर्भरता को गति देने के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं तैयार की गई हैं।सहवक्ता श्रीचंद सुंदरानी पूर्व विधायक रायपुर उत्तर विधानसभा ने कहा कि हम सभी





का दायित्व है कि ज्यादा से ज्यादा स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करें। इससे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। कांग्रेस सरकार में देश की अर्थव्यवस्था धीमी गति से चल रही थी जैसे ही भाजपा की सरकार बनी आज चौथे नंबर पर हैं। बहुत जल्द तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था पर पहुंच जायेंगे। कार्यक्रम के बाद अतिथियों को मिट्टी से बनी ग्वालिन भेंट की गई।

मौके पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना साहू, महापौर रामू रोहरा, जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, महामंत्री महेंद्र पंडित, राकेश साहू, पूर्व विधायक इंदरचंद चोपड़ा, पूर्व महापौर अर्चना चौबे, सभापति श्रीमती कौशल्या देवांगन, जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव, कार्यक्रम के सहसंयोजक उमेश साहू, अविनाश दुबे, सम्मेलन प्रभारी श्रीमती श्यामा साहू, हेमंत चंद्राकर, चेतन हिंदूजा, विजय साहू, मंडल अध्यक्ष पवन गजपाल, विनय जैन, अमन राव, मिश्रीलाल पटेल, मोनिका देवांगन समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आज से इंडोर स्टेडियम में सांसद खेल महोत्सव

■ ग्रामीण प्रतिभाओं को मिलेगा खेल मंच, फिट इंडिया मूवमेंट को बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी




युवाओं में खेल के प्रति उत्साह जगाने, ग्रामीण स्तर पर खेल संस्कृति विकसित करने और फिट इंडिया मूवमेंट को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से क्लस्टर नगर पालिक निगम सांसद खेल महोत्सव का आयोजन 17 अक्टूबर को बाबू पंढरीराव कृदत्त इंडोर स्टेडियम आमातालाब में किया जाएगा। इस महोत्सव में जिले के 14 से 24 वर्ष आयु वर्ग के बालक, बालिका, महिला एवं पुरुष प्रतिभागी हिस्सा ले सकेंगे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न व्यक्तिगत एवं समूह खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें गोला फेंक, लंबी कूद, ऊंची कूद, बैडमिंटन, 100 एवं 400 मीटर दौड़, गैड़ी दौड़ शामिल हैं। इसके साथ ही वॉलीबॉल, खो-खो और कबड्डी जैसे समूह खेल भी खेले जाएंगे। आयोजक समिति ने बताया कि खेल महोत्सव में भाग लेने के लिए सभी खिलाड़ियों को ऑनलाइन पंजीयन कराना अनिवार्य है। बिना पंजीयन के किसी भी प्रतिभागी को प्रतियोगिता में शामिल नहीं किया जाएगा।

# धौराभाठा स्कूल में हुआ सामाजिक अंकेक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान 2025 अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला धौराभाठा में सामाजिक अंकेक्षण का आयोजन किया गया। इस दौरान कक्षा पहली से पांचवीं तक के विद्यार्थियों के भाषा, गणित, अंग्रेजी में सीखने की दक्षता, अभिव्यक्ति कौशल, पठन-पाठन, संख्या ज्ञान, संक्रियाएं, मुस्कान पुस्तकालय, बच्चों और शिक्षकों की उपस्थिति दर, लैंगिक संवेदनशीलता, बैगलेस डे, जादुई पिटारा, परीक्षा परिणाम, एमडीएम, पेयजल, शौचालय तथा अन्य भौतिक सुविधाओं का आकलन एवं मूल्यांकन किया गया।

सामाजिक अंकेक्षण प्रभारी सरिता सिन्हा ने स्कूल की शैक्षणिक गुणवत्ता के साथ-साथ ग्रामवासियों, पालकों व प्रबंधन समिति की सहभागिता की सराहना की। उन्होंने बच्चों के व्यवहार, सीखने की रुचि और शिक्षकों के प्रयासों की भी प्रशंसा की। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष चुनेश्वर साहू, पंच शिव नेताम, दानीराम साहू, ग्वालसिंग, धनंजय, शुभम, भागवत, रविशंकर, रोहित, उपाध्यक्ष धनेश्वरी, ईश्वरी, सुनीता, मंजू, जैनबाई, राजेश्वरी, भुनेश्वरी, मधु, हुमेश्वरी, भारती, तामेश्वरी, कंचन, सत्यवती, यामिनी, चमेली, मीरा, योगेश्वरी, उषाबाई, पार्वती समेत शिक्षक स्टाफ राकेश चंद्राकर, रोशन ध्रुव, तामेश्वर निषाद, हेमलता रात्रे मौजूद थे।

## बठेना बस्ती और सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड में स्वयंसेवकों ने किया पथ संचलन

# संघ की शताब्दी यात्रा निष्ठा, त्याग और समर्पण की साक्षात गाथा है : मोहन लाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर देशभर में स्वयंसेवकों द्वारा पथ संचलन एवं विजयादशमी उत्सव मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में बठेना बस्ती और सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड में संघ के स्वयंसेवकों ने वार्ड की गलियों में पथ संचलन करते हुए राष्ट्रभक्ति गीतों के माध्यम से लोगों में देशभक्ति की भावना का संचार किया।

पथ संचलन के बाद आयोजित बौद्धिक व्याख्यान में मुख्य वक्ता मोहनलाल साहू प्रांत सह सेवा प्रमुख ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी स्वयंसेवी संस्था के रूप में संघ की शताब्दी यात्रा मां भारती के लिए निष्ठा, त्याग, बलिदान और समर्पण की साक्षात गाथा है। सेवा और राष्ट्र निर्माण में समाहित पंचनिष्ठा ही समाज को उसकी चुनौतियों से उबारने का सार्थक माध्यम है।

श्री साहू ने कहा कि संघ की शाखा से निकलने वाला स्वयंसेवक भीड़ में अलग पहचान रखता है और राष्ट्र रक्षा की सुदृढ़ नींव बनता है। ऐसे राष्ट्र भक्त ही देश के विरोधी तत्वों को जवाब देने की शक्ति बनते हैं। उन्होंने उपस्थितजनों से आह्वान किया कि वे संघ की शाखाओं से जुड़कर राष्ट्र सेवा के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

इस अवसर पर महेश शर्मा नगर सहसंघचालक, राजकुमार क्षत्रिय, राजेन्द्र पटेल, प्रीतेश गांधी प्रदेश अध्यक्ष सर्व गुजराती समाज एवं प्रदेश सह कार्यालय मंत्री भाजपा, राजेंद्र शर्मा, नारायण सिन्हा, भारती साहू पार्षद, महावीर सिन्हा, गीतेन्द्र साहू, कमल किशोर सिन्हा, ललित साहू, सोमन साहू, पुष्पेंद्र साहू, आशीष यादव, खेम साहू, तोमेश साहू, संतोष साहू, आशीष साहू सहित अनेक स्वयंसेवक उपस्थित थे।

### 11 गांव के 120 स्वयंसेवकों ने किया पथ संचलन






मरौद मण्डल खंड कुरुद में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का विजयादशमी एवं शताब्दी वर्ष कार्यक्रम मनाया गया। इसमें 11 गांव के 120 स्वयंसेवकों द्वारा पथ संचलन किया गया। गांव की मातृशक्तियों एवं शिशु मंदिर की दीदियों ने विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि डा. तुलाराम पाल बंजारी थे। अध्यक्षता मोहेलाल ध्रुव अध्यक्ष ध्रुव समाज मरौद ने की। मुख्य वक्ता मोहन साहू राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ छग प्रांत सह सेवा प्रमुख थे।मुख्य वक्ता मोहनलाल साहू ने कहा कि हिंदू समाज आपस में संगठित रहे। इसी हिंदू समाज के असंगठित भाव के कारण देश का विखंडन हुआ है। विदेशी ताकतें यही चाहती है कि देश टुकड़ों-टुकड़ों में बंट जाए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का एक उद्देश्य है कि हिंदू समाज संगठित हो। इसके लिए शाखा के माध्यम से उत्तम गुणों से युक्त स्वयंसेवक निर्माण करना है। आगे कहा कि आज हमारा परिवार बिखर रहा है। उसे एक कैसे करे। इस पर मंथन करना है। आज अंधाधुंध पेड़ों की कटाई हो रही है। उसे रोकना चाहिए। ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाना चाहिए। हमें ज्यादा से ज्यादा स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करना चाहिए। स्वदेशी भाषा, स्वदेशी भोजन, स्वदेशी वस्त्रों का उपयोग करें। मौके पर जयप्रकाश साहू जिला मिलन मंडली प्रमुख, प्रीतेश साहू जिला बाल कार्य प्रमुख, विजय लाल साहू, शिवकुमार साहू, खिलेन्द्र साहू, हेमेंद्र साहू, भागीरथी भार्गव, दानवीर पटेल, भूपेश पटेल, पुष्पराज पटेल, उत्तम साहू, टिकेंद्र साहू, सेवकराम साहू, पोखराज साहू, खम्मन साहू, लोकेश यादव, रुपेश साहू, शिशुपाल पटेल समेत अन्य मौजूद रहे।

■ मरौद मंडल खंड कुरुद में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष मनाया गया

### परसवानी के मनोहर ने देहदान की प्रक्रिया पूरी की



**सिर्री।** ग्राम परसवानी (दहदहा) निवासी 75 वर्षीय मनोहर सिंह ध्रुव पिता परदेशीराम ध्रुव ने पं. जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज रायपुर को स्वैच्छिक देहदान पत्र प्रेषित किया है। मनोहरसिंह ने स्वयं एनाटॉमी विभाग पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर छग में स्वैच्छिक देहदान की प्रक्रिया पूर्ण की। विदित हो कि श्री ध्रुव विगत 5 वर्षों तक जगन्नाथ पुरी, खल्लारी, नरसिंह नाथ, डोंगरगढ़, दंतेवाड़ा आदि तीर्थ स्थानों के दर्शन के लिए सायकल से ही यात्रा की है। तीर्थ स्थानों की यात्रा पश्चात उन्होंने निर्णय लिया कि वह मृत्युपरांत अपने शरीर को मेडिकल चिकित्सा की पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए सौंप दिया जायेगा। वर्तमान में मनोहर अस्वस्थ हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री और क्षेत्रीय विधायक से मदद मांगी है।

# 17 अगस्त 2012 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के हित के लिए राज्य सरकार पहल करें

■ टीचर एसोसिएशन ने एलबी संवर्ग की 4 सूत्रीय मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिशन ने शिक्षक एलबी संवर्ग की मांगों के निराकरण के लिए मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। एसोएशिन के अध्यक्ष भूषण चन्द्राकर सहित पदाधिकारियों ने 4 सूत्रीय ज्ञापन में कहा है कि सुप्रीम कोर्ट ने 1 सितम्बर 2025 को पारित निर्णय में 5 वर्ष से अधिक सेवा वाले शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को अनिवार्य किया है। छग शासन ने 17 अगस्त 2012 को राजपत्र पंचायत संवर्ग भर्ती तथा सेवा की शर्तें नियम 2012 के तहत टीईटी को अनिवार्य किया है। इससे पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य नहीं था। सुप्रीम कोर्ट में हस्तक्षेप, पुनर्विचार याचिका दायर कर 17 अगस्त 2012 से पूर्व नियुक्त सेवारत शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए राज्य सरकार से आवश्यक पहल की जाए। पेंशन निर्धारण के लिए सेवा अवधि की गणना संविलियन दिनांक 1 जुलाई 2018 से करने के कारण 2028 के पूर्व सेवानिवृत्त होने एलबी संवर्ग शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ नहीं मिल पा रहा है। अतः प्रथम नियुक्ति अवधि की गणना करते हुए सभी शिक्षक एलबी संवर्ग के लिए पुरानी पेंशन निर्धारित करें। उत्तरप्रदेश सरकार ने 2009 में तथा 2010 में उत्तराखंड सरकार ने आदेश जारी कर 33 वर्ष की अर्हकारी सेवा में पूर्ण पेंशन के स्थान पर 20 वर्ष की अर्हकारी सेवा में पूर्ण पेंशन का प्रावधान किया है।

छत्तीसगढ़ में 33 वर्ष की अर्हकारी सेवा में पूर्ण पेंशन का नियम है। छग में भी उक्त सरकारों के समान 20 वर्ष की अर्हकारी सेवा में संपूर्ण पेंशन का प्रावधान करने, उच्च न्यायालय के डबल बैच द्वारा फरवरी 2024 को पारित निर्णय के अनुसार सभी पात्र एलबी शिक्षकों के लिए क्रमोन्नति, समयमान का जनरल आर्डर जारी करने की मांग की है।










# सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर स्वावलंबी बनें : चंद्राकर

■ आत्मनिर्भर भारत संकल्प एवं जीएसटी छूट संपर्क अभियान पर भाजपा ने रखा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



भारतीय जनता पार्टी कुरूद विधानसभा के तत्वावधान में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान एवं जीएसटी छूट संपर्क अभियान का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम आत्मनिर्भर भारत की भावना को जन-जन तक पहुंचाने और व्यापारियों को जीएसटी छूट के लाभों की जानकारी देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को आत्मनिर्भरता की राह पर अग्रसर किया है। आज भारत का हर नागरिक, हर व्यापारी और हर युवा इस युग परिवर्तन का साक्षी बन रहा है। कुरूद विधानसभा विकास और स्वावलंबन का प्रतीक बने, यही हमारा संकल्प है। उन्होंने यह भी कहा कि जीएसटी छूट अभियान व्यापारियों को राहत देने के साथ-साथ ईमानदार व्यापार की संस्कृति को मजबूत कर रहा है। भाजपा की सरकार सिर्फ घोषणा नहीं करती, बल्कि धरातल पर जनकल्याण को लागू करती है।

कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। मंच पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, कार्यक्रम जिला संयोजक महेंद्र पंडित, नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर, नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू, जनपद उपाध्यक्ष सतीश जैन, वरिष्ठ नेता भीमदेव साहू, मंडल अध्यक्ष श्रीकांत साहू, डॉ. लोकेश साहू, रवि प्रकाश सिन्हा, हरिशंकर सोनवानी आदि मौजूद रहे।

### देश को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है

मुख्य वक्ता राजिम विधायक रोहित साहू ने युवाओं और व्यापारियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत का सपना सिर्फ सरकार का नहीं, बल्कि हम सबका है। हमें अपने कौशल, परिश्रम और नवाचार से देश को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। भाजपा सरकार ने छोटे व्यापारियों और उद्योगपतियों के लिए जो कदम उठाए हैं, वे नए भारत की रीढ़ बनेंगे। उन्होंने जनता से आग्रह किया कि वे आत्मनिर्भर भारत की इस मुहिम से जुड़कर स्थानीय स्तर पर स्वावलंबन और उद्यमिता को प्रोत्साहित करें।